पटना कारपोरेशन

CITY OF PATNA

संचिका संख्या–II-P-05/2015-Part-A1 / पत्रांक 805 / दिनांक 20/01/2022

Patna Municipal Corporation
Date:- 20-01-2022
2022200805
http://pmc.bihar.gov.in

प्रेषक,

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम, पटना।

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
नू0रा0 / पाटलिपुत्रा / कंकड़बाग / बांकीपुर /
पटना सिटी एवं अजीमाबाद प्रमण्डल
पटना नगर निगम।

विषयः– वेंडिंग जोन / आश्रय स्थल (रैन–बसेरा) भुगतान से संबंधित संचिकाओं में आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–12331, दिनांक–29.10.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Public Expenditure Management से संबंधित नई प्रक्रिया दिनांक–01.07.2021 से लागू है, जिसके अन्तर्गत Mother Child Concept पर कार्य किया जाना है। आवासन शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा निदेशित किया गया है कि राज्य स्तर Mother Account के एवं निकाय स्तर पर Child Account खोलकर निकायों के पास योजनान्तर्गत राशि Mother Account में हस्तांतरित किया जाना है।

पटना नगर निगम में DAY-NULM योजना के अन्तर्गत अव्यवहृत राशि को बुडा SNA के बैंक खाते में हस्तांतरित किया गया है।

विदित हो कि DAY-NULM योजनान्तर्गत प्रमण्डल स्तर पर कराये गये कार्यो का भुगतान हेतु नियमानुसार Child Account से राशि का उपावंटन प्रमण्डल को उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं है। प्रमण्डल द्वारा कराये गये कार्यो का भुगतान मुख्यालय स्तर से करने की व्यवस्था निम्नलिखित शर्त्तो के आधार पर की गई है :–

1. योजना से संबंधित संचिका।
2. योजना की तकनीकी स्वीकृति / तकनीकी अनुमोदन संबंधित प्रपत्र
3. योजना की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधी प्रपत्र।
4. योजना का निविदा प्रकाशन से संबंधित समाचार पत्र की प्रति (समाचार पत्र का नाम तथा दिनांक पठनीय हो)
5. तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड तुलनात्मक विवरणी एवं निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही संबंधी प्रपत्र।
6. EMD एवं Performance Deposit संबंधी Demand Draft/Fixed Deposited का प्रपत्र। यदि Demand Draft प्राप्त हुआ है तो इसे बैंक खाते में जमा करने संबंधी Bank Statement की प्रति।
7. कार्यादेश एवं एकरारनामा संबंधी प्रपत्र।
8. कार्यालय पटना नगर निगम द्वारा जारी पत्रांक–10595, दिनांक–16.08.2021 के कंडिका–6 के आलोक में योजना से संबंधित Geo Tagging Photo (कार्य प्रारंभ से पूर्व, कार्य के दौरान

17/01/22

तथा कार्य समाप्ति आदि सभी स्तरों पर) जो कनीय अभियंता/सहायक अभियंता तथा कार्यपालक अभियंता द्वारा सत्यापित हो।

9. कार्यालय पटना नगर निगम द्वारा जारी पत्रांक–14750, दिनांक–21.12.2020 के अनुसार सभी संचिका को E-Bill Software में पूर्ण रूप से भुगतान के पूर्व अद्यतन करना अनिवार्य है एवं E-Bill Software द्वारा निर्गत विपत्र संचिका में संलग्न किया जाये।
10. संवेदक के बैंक खाते संबंधित विवरण/ Cancel चेक की प्रति।
11. उक्त कार्य का RA Bill/Final Bill एवं Measurement book एवं भुगतानादेश संबंधी दस्तावेज संचिका में संलग्न किया जाये ।
12. C.A.Team द्वारा जाँच कराते हुये भुगतान आदेश तैयार कर मुख्यालय में संचिका भुगतान हेतु प्रेषित करेंगे।
13. केन्द्र प्रायोजित योजना शाखा को संचिका भेजेंगे।
14. Beneficiary का निम्न Detail संचिका में अनिवार्य है:–
    a) नाम
    b) पिता का नाम
    c) पता
    d) जन्म तिथि
    e) आधार नं0/PAN
    f) Bank A/C नं0
    g) GST नं0
    h) Mobile सं0
15. उपरोक्त सभी संबंधित प्रपत्रों में हस्ताक्षर के साथ मुहर अनिवार्य है।

अतः निदेशित है कि उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर अचूक रूप से अनुपालन करते हुये वेंडिंग जोन (आश्रय स्थल) रैन–बसेरा निर्माण से संबंधित संचिका के साथ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करायें ताकि भुगतान में अनावश्यक विलम्ब न हो।

Arif 17/01/22   18/01/2022   18/1

नगर आयुक्त
पटना नगर निगम

प्रतिलिपि :– 1. C.A. Team (FMTSC) को सूचनार्थ प्रेषित।
2. नगर वित्त एवं लेखा नियंत्रक, प0न0नि0 को सूचनार्थ प्रेषित।
3. उप नगर आयुक्त, के0प्रा0यो0, प0न0नि0 को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य नगर अभियंता, प0न0नि0 को सूचनार्थ प्रेषित।

Arif 17/01/22   18/01/2022   18/1

नगर आयुक्त
पटना नगर निगम